वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेख मूर्ति) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक नू सूचित किया है कि बैंकों को वित्तीय हानियां पहुंचाने वाली कुछ धोखाधड़ियां बैंक कर्मचारियों की लापरवाही और कदाचारण के कारण होती हैं। बैकों में की जाने वाली धोखाधडियां दुर्विनियोजन, फर्जी लिखतों के माध्यम से धोखाधड़ीपूर्ण नकदीकरण, लेखावाहियों में हेर-फेर अप्राधिकृत ऋण सुविधाएं प्रदान करने के आदि से संबंधित होती हैं।

सरकार और भारती रिजर्व बैंक के कहने पर सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने भ्रष्टाचार रोकने और धोखधड़ियों के निवारण के लिए समय-समय पर विभिन्न उपाय किए हैं। इनमे ये शामिल हैं:- आतंरिक नियंत्रण तंत्र को मजबूत एवं पुनः सक्रिय बनाना, बड़ी शाखाओं में समवर्ती लेखा परीक्षा की प्रणाली शुरू करना, संवेदनशील एवं नाजुक क्षेत्रों में स्थल पर अचानक निरीक्षण की प्रणाली शुरू करना, नए खाते खोलने के समय जमाकर्ताओं के फोटोग्राफ प्राप्त करना आदि। बैंक धोखाधड़ियों के लिए जिम्मेदार पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई भी करते हैं और प्रक्रियात्मक चूकों के लिए कर्मचारियों को सजा भी देते हैं। अदालतों में अभियोजन के लिए पुलिस और केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा आपराधिक मामले भी दायर किए जाते हैं।

Air Traffic link between Madhya Pradesh and South India

291. SHRI DILIP SINGH JUDEV: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is no air-traffic link between Madhya Pradesh and South India;

(b) the average percentage of air traffic from Madhya Pradesh to South India 'District-wise in each calendar year during the last three years, year-wise;

(c) whether it is a fact that there is long standing demand to operate regular flight from Bhopal-Indore-Raipur-Jabal-pur to Madras-Bangalore-Hyderabad and Trivandrum;

(d) if so, what are the reasons for not operating these flights between Madhya Pradesh and South India: and

(e) by when these flights are likely to be operated and if not; the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) There is at present no direct airlink between Madhya Pradesh and South India;

(b) Details of district-wise air traffic from Madhya Pradesh to South India are not maintained.

(c) Requests have been received by Indian Airlines to connect Bhopal and Indore with stations in Southern India like Madras, Bangalore, Hyderabad and Trivandrum.

(d) and (e) Due to uncertain traffic potential and shortage of aircraft/crew, direct services between these stations are 'not considered viable.

आयात शुल्क में कमी

292. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** :

श्री अनन्तराय जायसवाल :

क्या वित्त मत्री यह बातने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या सरकार ने दालों पर आयात शुल्क की दर में की हैं;

(ख)यदि हां, तो इसकी वर्तमान दर मे कितनी कमी की गयी हैं;

(ग)यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं कि खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत आयातित दालों पर आयात शुल्क में कमी से दालों की विभिन्न किस्मों पर मूल्यों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे; और

(घ)व्यापारियों द्वारा मुनाफाखोरी तथा कालाबाजारी का रास्ता अपनाने की स्थिति में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किये जाने का विचार हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) सीमाशुल्क टैरिफ के शीष्र सं. 07.13 के अंतर्गत आने वाली दालों पर आयात शुल्क को 30 जून, 1995 से 10 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया था।